THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM) : (a) Yes, Sir.

(b) A 30 Channel UHF system is planned between Polavaram and Kovvur. Since there is no departmental land at Polavaram for this purpose, acquisition of land is in process. STD facility is proposed for 93-94 subject to the availability of equipment and land.

बिहार के गांवों में तैनात पोस्ट मास्टरों का वेतन

1600. **श्री गया सिंह :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

(क) क्या यह सच है कि बिहार के गांवों में पोस्ट मास्टर के रूप में कार्यरत कर्मचारी अकुशल मजदूरों से भी कम वेतन पा रहे हैं, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) बिहार में ऐसे कितने पोस्ट मास्टर हैं, क्या सरकार उनकी सेवा को स्थायी करने और उनके वेतन और अन्य सुविधाओं को बढ़ाने का विचार रखती है; और

(ग) इनमें से कितने कर्मचारी महिलाएं हैं और कितने पुरुष हैं तथा इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी नहीं।

(ख) बिहार के गांवों में अतिरिक्त विभागीय पोस्टमास्टरों की संख्या 31-1-93 को 10144 थी। गांवों के ऐसे सभी पोस्ट-मास्टरों की सेवाओं को एक साथ नियमित करने या उनके वेतन तथा अन्य सुविधाओं में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग) फील्ड यूनिटों से जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

बुलन्दशहर उत्तर प्रदेश में इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज स्थापित किया जाना

1601. **चौधरी हरि सिंह :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या बुलन्दशहर उत्तर प्रदेश में इलैक्ट्रानिक टेलीफोन एक्सचेंज लगाने और टेलीफोन लाइनें बिछाने का कार्य प्रगति पर है,

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या प्रगति है; और

(ग) बुलन्दशहर नगर के सभी टेलीफोन कब तक इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज में बदल दिए जायेंगे ?

संचार मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री सुखराम) :

(क) जी हां।

(ख) (i) 2 हजार लाइनों की आर एल यू एक्सचेंज की संस्थापना की जा रही है।

(ii) टेलीफोन लाइनों का पहले ही निर्माण हो चुका है। परीक्षण कार्य चल रहा है।

(ग) संभावित तारीख 31 मार्च, 1993 है।

1602 [Transferred to 15th March 1993.J

Legislation on Consignment Tax

1603. SHRI ANANTRAY DEV-SHANKER DAVE :

SHRI RAJUBHAI A. PARMAR :

Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether during the Chief Ministers-Conference held on the 9th and 10th February, 1989 there was consensus to enact a new legislation on Consignment Tax;

(b) whether it was decided that the Central Government would introduce a bill iii this regard in this Lok Sabha in the first week of the monsoon session of 1989;

(c) whether the Central Government have so far not taken any action in this regard resulting in a serious situation in some of the States; and